**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**03.09.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने पर दिया बल।
- प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज अंतिम दिन– सदन में चार विधेयक होंगे पारित– युवाओं के लिए रोज़गार गारंटी पर जवाब देगी सरकार।
- पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत एक हजार नई इलैक्ट्रिक और दो सौ हाईड्रोजन बसें खरीदेगी राज्य सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर रोज़गार को लेकर युवाओं से धोखा करने का लगाया आरोप।
- चंबा जिले की विश्वप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा कल से होगी शुरू– सभी तैयारियां पूरी।

**पीएम–जल शक्ति**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों, बढ़ती आबादी और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया है। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिन के राष्ट्रीय विभागीय जल सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि यह सम्मेलन एक बार की कवायद नहीं रहनी चाहिए ,बल्कि निरंतर समीक्षा और अनुवर्ती कार्रवाई होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने जन भागीदारी पर जोर देते हुए लोगों में व्यापक जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जल उत्सव आयोजन को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने जल माध्यमों से गाद निकालने की प्रक्रिया नियमित तौर पर अपनाने और इसके लिए स्पष्ट मानदंड तथा मानक संचालन प्रक्रियाएं विकसित करने का आह्वान किया।

**प्रदेश विधानसभा**

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज आखिरी दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह ग्यारह बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इस दौरान कई अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता......

**प्रश्नकाल के बाद मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सदन के पटल पर चार महत्वपूर्ण दस्तावेज़ रखेंगे जिनमें भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक यानि कैग की बीते तीन वर्षों की रिपोर्ट शामिल हैं। इसके अलावा सदन में चार अहम विधेयकों युद्ध पुरस्कार, भारतीय स्टाम्प,**

**पंचायती राज तथा सड़क अवसंरचना संरक्षण संशोधन विधेयक 2026 को विचार विमर्श के उपरांत पारित किया जाएगा। नियम 130 के तहत 31 अगस्त को लाए गए युवाओं के लिए रोज़गार गारंटी प्रस्ताव पर सरकार जवाब देगी। इसके अलावा नियम 324 के अंतर्गत ग्यारह विधायक संबंधित क्षेत्रों के जनहित के मुद्दे उठायेंगे ।**

## पर्यावरण–इलैक्ट्रिक बसें

राज्य सरकार प्रदेश के पर्यावरण को बचाए रखने के लिए जल्द ही एक हज़ार नई इलेक्ट्रिक और दो सौ हाइड्रोजन बसें ख़रीदेंगी। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने ये जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने अपने पहले बजट में ही प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा।

## इलैक्ट्रिक बसें

इस बीच पर्यावरण संरक्षण के साथ यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित परिवहन देने की दिशा में इलैक्ट्रिक बसें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कांगड़ा जिले में भी अलग–अलग रूटों पर दौड़ रही 45 इलैक्ट्रिक बसें ग्रीन ट्रांसपोर्ट की तस्वीर पेश कर रही है। हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता ने बताया कि सड़कों पर दौड़ती ये इलैक्ट्रिक बसें अब महज सार्वजनिक परिवहन का साधन नहीं बल्कि ग्रीन हिमाचल की नई पहचान बनती जा रही है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर रोज़गार के नाम पर युवाओं से धोखा करने का आरोप लगाया है ।शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सरकार चलाने वाले मुख्यमंत्री रोज़गार व स्वरोजगार के अवसर देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं । जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा नब्बे प्रतिशत से ज्यादा पेंशन धारकों को अपात्र घोषित करना अत्यंत दुखद है। उन्होंने आरोप लगाया कि जरूरतमंदों की मदद करने के बजाय सरकार उनकी पीड़ा को बढ़ाने का काम कर रही है ।

## अवैध खनन

प्रदेश में बीते तीन वर्षों में अवैध खनन के 13 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इनमें से 10 हजार एक सौ 52 मामलों में दोषियों से जुर्माने के रूप में 8 करोड़ 79 लाख 25 हजार 7 सौ 70 रूपए की राशि वसूल की गई है जबकि शेष 2 हजार 9 सौ 30 मामलों में नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विधानसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न नदी–नालों में कुल 3 सौ 5 खनन पट्टे प्रदान किए गए हैं और सरकार को इनसे करीब 3 सौ 3 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

**आउटसोर्स कर्मचारी**

प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने का कोई भी प्रस्ताव वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है। विधानसभा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा विधायक त्रिलोक जमवाल के लिखित जवाब में कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर सरकार ने फिलहाल कोई प्रक्रिया तय नहीं की है। वहीं पैरा मेडिकल कर्मचारियों, पम्प ऑपरेटरों और अन्य अनियमित कर्मचारियों के मामले में उन्होंने कहा कि इनके संबंध में निर्धारित नीति के अनुसार निर्णय लिया जाता है।

**मणिमहेश**

चंबा जिले की विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा कल से शुरू हो रही है। 19 सितंबर तक चलने वाली इस यात्रा के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता.....

**मणिमहेश डल झील में 4 सितंबर को छोटे स्नान के साथ चंबा जिला की विश्व विख्यात मणिमहेश यात्रा का आगाज हो जाएगा। यह यात्रा आधिकारिक रूप से 4 सिसंबर से शुरू होकर 19 सितंबर तक चलेगी और 19 को मणिमहेश डल झील में शाही स्नान होगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। यात्रियों की सुविधा के लिए जहां जगह–जगह लंगर स्थापित किए गए हैं वहीं अस्थाई आवास, मेडिकल कैंप व घोड़े खच्चर की सुविधा के अलावा अन्य कई प्रकार की सुविधा श्रद्धालुओं को उपलब्ध हो पाएंगी। वहीं 19 सितंबर को शाही स्नान के साथ इस यात्रा का समापन हो जाएगा।**

**मौसम**

प्रदेश के अनेक भागों में बीती रात हुई वर्षा से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। सोलन जिला के परवाणू में देर रात हुई मूसलाधार बारिश से एनएच–5 पर मलबा व चट्टाने गिरने के कारण यातायात प्रभावित हुआ। प्रशासन ने वाहन चालकों को प्रभावित बाईपास के बजाए पुराने कालका–पिंजौर मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। उधर सिरमौर जिले में गिरी जटोन डैम से आज सुबह फिर पानी छोड़ा गया। जिला आपदा प्रबंधन ने मैदानी इलाकों के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा व सिरमौर जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार भूस्खलन के कारण प्रदेश में एक सौ 17 सड़कें अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक सौ 41 विद्युत ट्रांसफार्मर और 51 पेयजल योजनाओं पर भी असर पड़ा है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

दैनिक भास्कर ने मेडिकल ऑफिसर भर्ती मामले को लेकर हाईकोर्ट के हवाले से सुर्खी दी है **सीधे नियुक्ति का आदेश देना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन– राज्य सरकार को एक माह में सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्देश।**

**पांच साल में हिमाचल में बनेंगे 2 लाख 18 हजार घर** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **विधानसभा में बोली सरकार, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मिला कोटा।**

अमर उजाला की एक खबर है **सड़क तोड़ी तो भरना होगा दोबारा बनाने की लागत का पांच गुना जुर्माना।**

दैनिक सवेरा टाइम्स की सुर्खी है **हिमाचल की बेरोजगारी राष्ट्रीय औसत से करीब 60 प्रतिशत से अधिक।**

**‘अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर’’**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने पर दिया बल।
- प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज अंतिम दिन– सदन में चार विधेयक होंगे पारित– युवाओं के लिए रोज़गार गारंटी पर जवाब देगी सरकार।
- पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत एक हजार नई इलैक्ट्रिक और दो सौ हाईड्रोजन बसें खरीदेगी राज्य सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर रोज़गार को लेकर युवाओं से धोखा करने का लगाया आरोप।

  और

- चंबा जिले की विश्वप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा कल से होगी शुरू– सभी तैयारियां पूरी।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे। नमस्कार**